# अजमेर कलेक्टर ने सेंट्रल जेल का निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

## बंदियों ने कलेक्टर से की पैरोल सुविधा शुरू कराने की मांग

**अजमेर, (कासं)।** जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने गुरुवार को सेंट्रल जेल पहुंचकर जेल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल को जेल की व्यवस्थाओं में सुधार लाने के दिशा निर्देश दिए तथा जेल में हो रहे नवाचार को लेकर जेल अधीक्षक के कार्य की सराहना भी की। कलेक्टर ने जेल में बंद बंदियों से बातचीत भी की। बंदियों ने पैरोल की सुविधा शुरू कराने की मांग की।

अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित गुरुवार को सेंट्रल जेल पहुंची, जहां जेल स्टाफ ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिला कलेक्टर डॉ. दीक्षित को जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल ने जेल की व्यवस्थाओं से अवगत कराया और जेल की सुरक्षा व्यवस्था और जेल में हुए नवाचार को लेकर चर्चा कर जायजा लिया। जेल निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर भारती दीक्षित ने जेल अधीक्षक मालीवाल द्वारा किए गए बेहतरीन नवाचारों जिसमें जेल बैंड, पढ़ाई जैसी कई नवाचार जेल में हुए हैं उनकी सराहना भी की। कलेक्टर डॉ. दीक्षित जेल अधीक्षक मालीवाल को जेल में सुविधाओं को बेहतर करने के दिशा निर्देश भी दिए।


सेंट्रल जेल निरीक्षण करने पहुंची जिला कलेक्टर डॉ. दीक्षित ने बंदियों से चर्चा की।

**बंदियों ने की पैरोल शुरू कराने की मांग :-** जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने जेल में निरीक्षण के दौरान जेल में बंद बंदियों से बातचीत भी की। बंदियों ने जिला कलेक्टर से पैरोल सुविधा शुरू करवाने की मांग की। जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल ने कलेक्टर को बताया कि पिछले साल 30 लाख रुपए पीडित् पक्ष को दिए तथा 1 करोड़ 90 लाख रुपए बंदियों की मजदूरी प्रदान की गई।

- **कलेक्टर ने जेल अधीक्षक द्वारा किए गए बेहतरीन नवाचारों की सराहना की**

उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर से बंदियों के लिए साउंड सिस्टम के लिए बेहतर उपकरण की व्यवस्था करवाने और जेल की बिल्डिंग का मेंटेनेंस करवाने की मांग की, जिस पर जिला कलेक्टर ने जेल अधीक्षक को आश्वासन दिया है। उन्होंने अजमेर जेल को रोल मॉडल बताते हुए अन्य जिलों की जेलों में भी इस तरह के प्रयोग प्रांरभ करने के लिए अधीक्षक को सम्पर्क करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल, आरएसएलडीसी के निखिल कुमार, कारापाल लालचन्द, मुकेश भाटी, उप कारापाल तरसेम सिंह, रविन्द्र कुमार, महावीर सिंह एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

# सूरतगढ़ में 22 वर्षीय युवती से रेप, आरोपी फरार

## नशीला पदार्थ खिलाकर रेस्टोरेंट में ले गए, पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज, जांच शुरू

**सूरतगढ़, (निसं.)।** एक 22 वर्षीय युवती के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपी, युवती को नशीला प्रसाद खिलाकर रेस्टोरेंट में ले गए। जहां बेहोशी की हालत में उसके साथ रेप किया। मामला सूरतगढ़ के सिटी पुलिस थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरपीएस अधिकारी विक्की नागपाल को जांच सौंपी है।

थानाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि क्षेत्र की युवती ने थाने में परिवाद देते हुए बताया कि वो सूरतगढ़ में कोचिंग करती है और रोजाना गांव से आना-जाना करती है। पीडिता ने बताया कि उसके गांव के ही रहने वाला युवक लंबे समय से उसका पीछा कर रहा था। साथ ही उससे छेड़खानी करता और लव मैरिज करने के लिए कहता। पीडिता ने बताया कि एक दिन पहले जब वो अपने गांव से सूरतगढ़ के बस स्टैंड पर पहुंची, तो आरोपी और उसके मामा का बेटा खड़े थे। दोनों उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर खेजड़ी मंदिर की ओर ले गए जहां उसे प्रसाद खिलाया, जिससे वो बेहोश होने लगी।

इसके बाद दोनों उसे बाइक पर अपने साथ बैठाकर शहर के एक रेस्टोरेंट में ले गए। जहां कमरे में बेहोशी की हालत में उसके साथ रेप किया। जब पीडिता को होश आया, तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। बाद में किसी ने उसके मामा को फोन कर भांजी के इस तरह हालत में रेस्टोरेंट में पड़े होने की जानकारी दी। तब वे मामला दर्ज करवाने थाने पहुंचे, लेकिन बताया गया कि मामला सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र का है, इसलिए यहां पर परिवाद दिया गया है।

### दुष्कर्मी युवक गिरफ्तार

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** थाना क्षेत्र में पीड़िता को डरा धमकाकर अलग-अलग होटलों में ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी विक्रांत शर्मा ने बताया कि 7 जून को पीड़िता ने एक नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई की अजय नाम के युवक ने मुझे डरा धमका कर दोस्ती कर ली, मैंने कई बार मना किया किन्तु मुझे जान से मारने तथा परिवार रिश्तेदारी में बदनाम करने की धमकी देकर जनवरी माह में सीकर रोड पर स्थित एक होटल में ले जाकर गलत काम किया। परिवार वालों को इस घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। अप्रेल माह में मुझे परीक्षा के दिनों में कॉलेज में मिला और धमकी दी की तुम्हारी अन्तिम कॉलेज परीक्षा के बाद मिलना। 3 मई को मैं परीक्षा देकर कॉलेज से बाहर निकली तो उक्त युवक मिल गया और डरा धमकाकर मेरे साथ फिर मेरी इच्छा के विपरित मेरे साथ दुष्कर्म किया और धमकी दी कि मैंने तेरे फोटो और वीडियो भी बना ली है उसके बाद मुझे व मेरे परिवार वालों से मेरी फोटो वीडियो फेसबुक पर डालने की धमकी देते हुए 1,50,000 रुपये की मांग कर रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गठित कर आरोपी को 24 घण्टों के भीतर डिटेन कर पूछताछ व तफ्तीश के बाद अजय उर्फ कालू उम्र 19 साल को गिरफ्तार किया गया।

# वार्डपंच ने सरपंच और वी.डी.ओ. पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**अनूपगढ़, (निसं)।** घड़साना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 6 डीडी के वार्ड नंबर 12 के वार्ड पंच जीवन सिंह ने सरपंच लिछमा देवी और ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) गोपीचंद पर गबन के आरोप लगाए हैं। वार्डपंच ने बताया कि सरपंच लिछमा देवी जयपाल का काम उसका बेटा जगदीश जयपाल संभालता है। वार्डपंच ने आरोप लगाय कि सरपंच, उसके बेटे और ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा पंचायत में काफी स्थानों पर विकास कार्यों के नाम पर घोटाला किया है। वार्डपंच ने बताया कि बरसात के दिनों में ग्राम पंचायत की हालत दयनीय हो जाती है। गांव की गलियों में बरसात का पानी जमा होने के कारण गलियां नहर का रूप ले लेती हैं।

वार्डपंच ने आरोप लगाया है कि गांव 6 डीडी के वार्ड 12 में पेयजल की सप्लाई के लिए पाइप लाइन डालने का काम 2021 में 1.40 लाख की लागत से स्वीकृत हुआ था। मगर सरपंच, उसके बेटे और वीडीओ की मिलीभगत के कारण यह काम नहीं हो पाया। जबकि इन्होंने सूचना पोर्टल पर 1 साल से काम को अंडर प्रोसेस में लिया हुआ है। वार्डपंच ने आरोप लगाया कि 2022 में दो लाख की लागत से बोरवेल लगाने का काम स्वीकृत हुआ था, मगर बोरवेल के काम में महज 50 से 60 हजार रुपए का खर्च आया है।

- **कागजों में काम पूरा बताकर पैसे उठाने का आरोप**
- **सरपंच के बेटे ने सभी आरोपों को निराधार बताया है**

वार्डपंच ने बताया कि सरकार से वार्ड 5 और 6 में सफाई व्यवस्था के लिए 2022-23 में 2 लाख के लगभग बजट पास हुआ था। मगर सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा इन वार्डों में सफाई के नाम पर बिल्कुल भी खर्च नहीं किया गया। सभी ने पोर्टल सूचना पर काम को फरवरी माह में शुरू किया हुआ दिखाया हुआ है और वह काम अभी तक अंडर प्रोसेस में चल रहा है।

सरपंच के बेटे ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पेयजल की पाइप को खोदकर चेक कर सकता है। वार्ड नंबर 5 और 6 में नियमानुसार सफाई करवाई जा रही है। नायब तहसीलदार सुंदरपाल ने बताया कि यह मामला पंचायत समिति से संबंधित है और विकास अधिकारी को निर्देशित किया जाएगा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।

### कार्य का बहिष्कार जारी

**सादुलपुर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रांतीय आव्हान पर गुरूवार को उपशाखा राजगढ में बीएलओ कार्य का बहिष्कार चौथे दिन भी जारी रहा। जिला मंत्री वेदपाल मलिक ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयोग के आदेश, मुख्य सचिव के आदेश, निदेशक माध्यमिक शिक्षा के आदेश आदि के बाद भी प्रशासन शैक्षिक स्टाफ से बीएलओ कार्य करवाने पर आया हुआ है, जोकि संगठन किसी भी स्तर पर सरकार भी करता है। उपशाखा अध्यक्ष रतन पूनिया ने बताया कि जब तक प्रशासनिक अधिकारी इस बेगारी से मुक्ति नहीं कराता है तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

जिला संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह पूनिया ने इस आंदोलन में शामिल सभी बीएलओ का आभार प्रकट किया तथा संगठन का साथ इसी मजबूती के साथ देने का आव्हान किया। बहिष्कार के इस क्रम में अंबेडकर संघ के रघुवीर बाडेटिया, सुभाष बागोत व प्रवीण मेघवंशी शामिल रहे।

# मांगों को लेकर चल रहा महापड़ाव जारी

## बकाया फसल बीमा क्लेम, क्रॉप कटिंग सहित 22 सूत्री मांगें

**चूरू, (कासं)।** कलेक्ट्रेट के सामने अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से बकाया फसल बीमा क्लेम, क्रॉप कटिंग सहित 22 सूत्री मांगों को लेकर चल रहा महापड़ाव गुरुवार को आठवें दिन भी जारी रहा।

किसान सभा के निर्मल प्रजापत ने बताया कि गुरुवार को सादुलपुर विधायक कृष्णा पूनियां व सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा ने अपना प्रतिनिधिमंडल भेज कर किसानों का समर्थन किया है। विधायकों ने फोन पर बात कर कहा कि वे कृषि मंत्री लालचंद कटारिया से बात करेंगे और किसानों की वाजिब मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर किसान सभा के पदाधिकारियों ने विधायकों के प्रतिनिधिमंडल को अपनी 22 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और जल्द ही इन मांगों को पूरा करने की मांग की। इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निर्मल प्रजापत, किसान सभा के जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़ व महामंत्री उमरावसिंह सहित किसान सभा के पदाधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्ट्रेट के सामने अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से महापड़ाव जारी रहा।

# युवक की हत्या, चार हिरासत में

## मृतक के परिजनों सहित आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया

**हनुमानगढ़, (निसं.)।** जिले के संगरिया थाना क्षेत्र के गांव मोरजंड में युवक की बेहरमी से मारपीट कर हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि 4 युवकों ने मृतक युवक को जबरन शराब पिलाकर लाठी-डंडों और धारधार हथियारों से मारपीट कर हत्या कर दी। युवक पर हमलावर आरोपियों के बार-बार जीप चढ़ाने की बात भी सामने आई है। इसके बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस थाने का घेराव कर न्याय की मांग की है। संगरिया पुलिस ने हत्या की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 4 युवकों को हिरासत में लिया है।

संगरिया सीआई सुभाष चन्द्र कच्छावा ने बताया कि गुरदास सिंह पुत्र साधु सिंह मजहबी सिक्ख निवासी मोरजण्ड सिक्खान ने रिपोर्ट दी कि बुधवार रात्रि 11 बजे मेरा पुत्र बलकरण सिंह और उसका मित्र जीवन सिंह ठेके के पास से गुजर रहे थे। तभी गुरमीत सिंह उर्फ गिती पुत्र बलवीर सिंह, हरजीत उर्फ बोग पुत्र बलवीर सिंह, रोबिन पुत्र हरजीत सिंह, बलवीर सिंह पुत्र मुन्शी सिंह निवासी मोरजन्ड सिक्खान ने मिलकर मेरे पुत्र बलकरण सिंह उर्फ काली और जीवन सिंह पुत्र पाल सिंह निवासी वार्ड 01 मोरजण्ड को रोक लिया और जबरन शराब पिलाने लगे। परिवादी ने बताया कि बलकरण सिंह को शराब पिलाकर नशे की हालात में कर दिया और जीवन सिंह को मौके से डरा धमका कर भगा दिया। बलकरण सिंह को डंडों से मारपीट करना शुरू कर दिया और अपनी जीप से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, फिर जीप चढ़ा दी। आरोपियों द्वारा बार-बार जीप उसके उपर चढ़ाकर जान से मारने के लिए डण्डों, कृपाण, गण्डासा, तलवार एवं बरछा से मारपीट की गई।

वे लोग उसे लहूलुहान हालात में मृत समझ कर छोड़कर चले गए। परिवादी ने पुलिस को बताया कि संगरिया से गांव लौट रहे गुरलाभ सिंह को जीवन सिंह ने बताया कि चाचा बलकरण सिंह को आरोपी जान से मार रहे हैं तो वह उसे बचाने के लिए गया तो उन्होने गुरलाभ सिंह के हाथ पर कृपाण से वार कर दिया जिससे उसका हाथ कट गया और गम्भीर चोटे आई। ठेके पर शराब पीते समय जगपाल सिंह उर्फ रेड़ा पुत्र बाबू सिंह एवं अन्य मौजूद थे। मौके पर सूचना पाकर एम्बुलेंस आई जिसमें मैं अपने पुत्र एवं गुरलाभ सिंह को संगरिया अस्पताल लेकर आया, जहां गुरलाभ सिंह का निजी अस्पताल में इलाज शुरू करवाया, लेकिन मेरे पुत्र को गम्भीर हालात में हनुमानगढ़ रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान कुछ समय बाद ही उसकी मौत हो गई।

संगरिया पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर गुरमीत सिंह उर्फ गिती पुत्र बलवीर सिंह, हरजीत उर्फ बोग पुत्र बलवीर सिंह, रोबिन पुत्र हरजीत सिंह, बलवीर सिंह पुत्र मुन्शी सिंह आदि के खिलाफ हत्या की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, युवक की हत्या के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर दिया। सीआई सुभाष चन्द्र कच्छावा ने बताया कि 4 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया है। मामले की जांच गहनता से करने की बात कही है।

### अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**रतनगढ़, (निसं)।** पुलिस ने बुधवार को एक किलो अफीम के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी सुभाष बिजारणिया ने बताया कि बुधवार को मुखबिर की सुचना पर मेगा हाइवे पर 400 केवी बिजलीघर के पास पिकअप में मध्य प्रदेश से पंजाब ले जाई जा रही 1 किलो अवैध अफीम के साथ 48 वर्षीय इकबाल सिंह निवासी भटिंडा पंजाब व 50 वर्षीय सतनाम सिंह निवासी डबवाली हरियाणा को गिरफ्तार किया है। दोनों व्यक्ति लहसून से भरी पिकअप में अफीम को पंजाब ले जा रहे थे। जप्त की गई अफीम का बाजार मूल्य करीब डेढ़ लाख बताया जा रहा है।

# विवाहिता ने आत्महत्या की

- **सास और ससुर बाहर कमरे में सोए थे, एक साल पहले हुई थी शादी**

**डूंगरपुर, (निसं)।** निठाऊवा थाना क्षेत्र के पाल निठाऊवा गांव में एक विवाहिता ने घर में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय सास और ससुर कमरे के बाहर ही सो रहे थे। घटना के बाद लोग इकट्ठे हो गए। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया है। वहीं, पीहर पक्ष के आने के बाद ही पोस्टमार्टम हो सकेगा।

थाना एएसआई ने बताया कि पाल निठाऊवा निवासी राईया पुत्र उदिया बरगोट ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। राईयां ने बताया की उसके बेटे भेरूलाल की शादी एक साल पहले मार्च-2०22 में अंजू उर्फ संजू के साथ करवाई थी। बेटा भेरूलाल गुजरात में मजदूरी करता था। घर पर ससुर राईया और सास थावरी के साथ बहू संजू उर्फ अंजू भी रहती है। रात को परिवार के सभी लोग खाना खाकर सोए थे। बहू अंजू उर्फ संजू अंदर के कमरे में सोई थी, जबकि सास और ससुर बाहर सोए थे। सास-ससुर गुरुवार सुबह उठे, लेकिन बहू नहीं उठी थी। इस पर उसे उठाने गए,लेकिन कमरा अंदर से बंद था। खिडकी से देखा तो बहू अंजू उर्फ संजू दुपट्टे से फंदा लगाकर लटकी हुई थी। दरवाजा तोडकर अंदर गए तो अंजू उर्फ संजू की मौत हो गई थी।

घटना के बाद लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर निठाऊवा थाना पुलिस भी पहुंच गई। वहीं, शादी के एक साल का समय ही होने से एसडीएम भी मौके पर पहुंचे। घटना को लेकर पीहर पक्ष मानपुर जिला उदयपुर को सूचना दी है। पुलिस ने शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। वहीं, पीहर पक्ष के आने के बाद ही शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

### भू-माफियों पर कार्रवाई की मांग

**चूरू, (कासं)।** प्रजापति समाज उत्थान समिति चूरू की ओर से आवंटित भूखंड पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध रूप से घुसकर कब्जा करने के प्रयास के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद सर्व कुम्हार महासभा के प्रदेश महामंत्री चन्द्राराम गुरी के नेतृत्व में प्रजापति समाज ने विभिन्न मांगों को लेकर भू-माफियों के खिलाफ रैली निकालकर भू-माफियाओं पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि प्रजापति समाज उत्थान समिति के भूखंड पर काफी गंदगी हो रही है, भूखंड में साफ-सफाई का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस द्वारा भू-माफियाओं से सांठगांठ कर साफ-सफाई करने से रोका जा रहा है। प्रशासन व पुलिस उन्हें भूखंड में साफ-सफाई करने से नहीं रोकें। प्रजापति समाज उत्थान समिति के भूखंड की भू-माफियाओं से सुरक्षा के लिये भूखंड के चारों ओर चारदीवारी बनाने की अनुमति प्रदान करने की मांग की गई।

# धार्मिक स्थल पर छेड़छाड़ और आगजनी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र की आरसी व्यास कॉलोनी सेक्टर 12 स्थित श्री खजूर के बालाजी के स्थान पर हनुमान चालिसा व सुंदरकांड की पुस्तकें जली हुई मिलने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

सीओ सदर योगेश शर्मा ने बताया कि आरसी व्यास कॉलोनी सेक्टर 12 में मदर टेरेसा स्कूल के सामने श्री खजुर के बालाजी की मूर्ति स्थापित है। इस स्थान पर गुरुवार सुबह श्रद्धालु पहुंचे तो उन्हें वहां पर हनुमान चालिसा और सुंदर कांड की पुस्तकें जलीं हुई मिली। तेल व घी की शीशियां भी खाली पड़ी थी। इस स्थान के नजदीक ही शराब की खाली बोतल भी मिली है। सूचना पर सुभाषनगर थाना पुलिस पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेते हुये मौजूद लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उधर, इस घटना को लेकर आरसी व्यास कॉलोनी निवासी 63 वर्षीय गोपालचंद पुत्र रतनलाल शर्मा ने सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दी। शर्मा ने उक्त घटना की जानकारी देते हुये रिपोर्ट में बताया कि इस कृत्य से लोगों की धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचा है। शर्मा ने रिपोर्ट में असामाजिक तत्वों के द्वारा इस घटना को अंजाम देने का हवाला देते हुये ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने व इस प्रकार के धार्मिक स्थानों पर ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए पुलिसकर्मी तैनात करने की मांग की है। पुलिस ने शर्मा की रिपोर्ट पर अपराध धारा 153(क), 295 आईपीसी के तहत प्रकरण दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसी टीवी फुटेज खंगाल कर घटना को अंजाम देने वालों की पहचान के प्रयास कर रही है।

- **पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया**

### जरूरतमंदों को खाना खिलाया

**अलवर, (निसं)।** खैरथल कस्बे की पुरानी आबादी निवासी रेडकैप ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्षा लतिका आचार्य ने पिछले 5 वर्ष से अपने से दूर मुंबई में कार्यरत अपने भाई निखिल आचार्य के जन्मदिन को यादगार मनाते हुए इस्माइलपुर रोड रीको इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित इंदिरा रसोई भोजन योजना में 101 जरूरतमंदों को भोजन कराकर उनके बीच केक काटा।

लतिका आचार्य ने बताया कि उनका भाई निखिल आचार्य मुंबई में अपना कार्य करता है जो कि अपने काम की वजह से घर से दूर है। उनके जन्मदिन को जरूरतमंदों को भोजन कराकर केक काटकर खिलाया गया और कहा कि अगले वर्ष भाई के साथ ही इंदिरा रसोई में दोबारा आकर जरूरतमंदों को भोजन कराएगी पर आज काफी संतोष मिला और अच्छा लगा जरूरतमंदों को भोजन करा कर। इस मौके पर उनके छोटे भाई करण आचार्य, माता अंजू आचार्य, इंदिरा रसोई मैनेजर मनीष शर्मा, कुसुम शर्मा, शिवा, विजया, तरुणा व्यास, जितेंद्र मामा, मानसी, निर्मला सहित अन्य लाभार्थी भी मौजूद रहे।

# ब्राह्मण समाज में एकजुटता की जरूरत: मिश्रा

## तीन सितंबर को सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में होने वाले महासंगम की तैयारियों को लेकर चर्चा

**करौली, (निसं)।** सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने खुले शब्दों में कहा कि अब समय एकजुटता दिखाने का है। उन्होंने कहा कि राजनीति में वर्चस्व दिखाने के लिए समाज को एक होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सर कटाने को नहीं गिनाने की आवश्यकता है। आगामी 3 सितंबर को जयपुर में सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में महासंगम होने जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर और महासंगम में अधिक से अधिक समाज के लोगों की भीड़ जुटाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ हर जिले में पहुंचकर ब्राह्मण समाज के लोगों को आव्हान कर रहे हैं।

गुरुवार को करौली जिले में जिला मुख्यालय स्थित होटल में यहां के पार्षद और सर्व ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष मुकेश पचौरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों का माला साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि लंबे समय से ब्राह्मण समाज के लिए 14 प्रतिशत आरक्षण की मांग पिछले दो दशक से लड़ाई लड़ते आ रहे आ रहे हैं जिसको लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा की ईडब्ल्यूएस में जो विसंगतियां है उनको दूर करने एवं एसटी, एससी की भांति समाज को राजनीति में आरक्षण देने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा इनके अलावा राजस्थान के सभी जिलों में छात्रावास और गुरुकुल खोले जाएं एवं भगवान परशुराम विश्वविद्यालय की स्थापना हो। उन्होंने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को यदि आगे बढ़ाना है तो शिक्षा और राजनीति में आगे आने की आवश्यकता है जिसके लिए समाज को संगठित होने की बहुत आवश्यकता है। इस अवसर पर महासंगम के पोस्टर का विमोचन किया गया। इससे पूर्व यहां पर जिले के जिला अध्यक्ष मुकेश पचौरी, राजेंद्र सारस्वत, बबलू शुक्ला, पत्रकार कृष्ण गोपाल शुक्ला आदि ने भी अपने संबोधन में कहा कि अब समय समाज के संगठित होने की आवश्यकता है तब ही जाकर राजनीति में वर्चस्व दिखेगा।

इसी मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मिश्रा ने राजेंद्र सारस्वत को सर्व ब्राह्मण महासभा के जिला प्रभारी के पद पर और बबलू शुक्ला को सर्व ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य मंच से मनोनीत किया जिनका उन्होंने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के मनोज शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, परमानंद, रमाकांत शर्मा, योगेश सारस्वत, विनोद शर्मा, चंद्र वेद आदि उपस्थित थे। अंत में सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश सचिव शिवचरण शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हुए कहा कि जयपुर में 3 सितंबर को समाज के होने वाले महासंगम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर समाज के हाथों को मजबूत करें।


करौली में बैठक के दौरान महासंगम के पोस्टर का विमोचन किया गया।